हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025



छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# सिर्फ नाम की आधुनिक लाइब्रेरी, न सुविधा न संसाधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्यारेलाल स्कूल मैदान स्थित राजा बलराम दास आधुनिक लाइब्रेरी में आधुनिकता नजर नहीं आती है। इस आधुनिक लाइब्रेरी में लगभग 500 पुरानी पुस्तकें और बगैर इंटरनेट सुविधा के एक कंप्यूटर के सिवा कुछ भी नहीं है।

29 मार्च 2023 को नगर निगम द्वारा इस आधुनिक लाइब्रेरी का लोकार्पण तत्कालीन महापौर हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य में किया गया था। यह ग्रंथालय सिर्फ नाम का आधुनिक है। जबकि यहां आधुनिकता के संसाधन नजर नहीं आते हैं। बिना इंटरनेट के एंड्राइड मोबाइल फोन भी किसी काम का नहीं लगता है। ऐसे जमाने में यहां बगैर इंटरनेट का कम्प्यूटर लगा दिया गया है। इस आधुनिक लाइब्रेरी में सिर्फ न्यूज पेपर पढ़ने की सुविधा है। यहां रखें पुस्तकों की बाइंडिंग खराब हो चुकी है। लाइब्रेरी का रखरखाव भी ठीक नहीं है। सफाई के अभाव सहित कई समस्याएं हैं।

हरिभूमि सरोकार

पिछली शहर सरकार की थी योजना




### धूल खा रहा कम्प्यूटर

इस आधुनिक लाइब्रेरी में आधुनिकता के नाम पर सिर्फ एक धूल खाता कम्प्यूटर ही है। यह भी कई महीनों से बंद पड़ा है। इंटरनेट कनेक्शन नहीं होने से यह कम्प्यूटर भी उपयोगी नहीं है। लाइब्रेरी के देखरेख की जिम्मेदारी उठाने वाले कम्प्यूटर तक की सफाई नहीं करते हैं, कम्प्यूटर धूल से भरा हुआ है।

### पेयजल की व्यवस्था नहीं

आधुनिक लाइब्रेरी में पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। यहां पानी की टंकी एक कोने में पड़ी है। जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं अगर यहां कोई आ भी जाए तो उसे अपने साथ पानी लेकर आना होगा।

### पुस्तकों पर धूल

आधुनिक लाइब्रेरी में सुविधा को लेकर भी कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है। यहां पर साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है। फर्श पर धूल जमी है और पुस्तकों की आलमारियों में जाले लगे हैं। साफ-सफाई के अभाव के चलते यहां लोग आना भी पसंद नहीं करते हैं। हर तरफ धूल नजर आता है।

## खबर संक्षेप

### बोरी में रखा था 20 पौवा शराब, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से प्लास्टिक बोरी में रखे 20 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी आकाश ठाकुर 19 साल पता ग्राम सालिकझिटिया के पास एक हरे सफेद रंग के प्लास्कि बोरी में 20 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमती 1600 रुपए व बिक्री रकम 800 रुपए कुल जुमला 2400 रुपए जब्त किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

बैठक में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, खाद्य विभाग की विभागीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### अपना कमीशन लेकर पास कर रहे इंजीनियर, ठगे जा रहे हितग्राही

# नियम विरुद्ध पीएम आवास का निर्माण भौतिक सत्यापन से सामने आएगा सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर में बनाए गए डेढ़ हजार से अधिक मकानों का भौतिक सत्यापन होने वाला है। निगम के इंजीनियरों ने नियमों को ताक में रखकर अधिकांश मामलों में पीएम आवास को स्वीकृति दे दी है। ऐसे में अब सच्चाई का पता लगाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस जांच के लिए 40 अफसरों की एक टीम बना दी है।

खास बात यह है कि उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरूण साव ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। अब जांच दल का गठन किया गया है। बताया गया है कि यह जांच प्रक्रिया में है। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता दी जानी है। योजना के लिए तय मापदंड भी तय किए गए हैं, लेकिन निगम में पदस्थ इंजीनियर अपना कमीशन लेकर नियम विरुद्ध बनाए गए आवास को भी स्वीकृत कर देते हैं। सत्यापन हुआ तो अधिकांश मामलों में गड़बड़ी सामने आ जाएगी।

**मिल चुकी हजारों आवासों की मंजूरी :** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप परियोजना के तहत बड़ी संख्या में आवास निर्माण किए जा रहे हैं। राज्य में अब तक लगभग 60 हजार नए आवासों को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास प्रदान करना है और इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि निजी क्षेत्र से भी जुड़ाव हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ की कई परियोजनाएं जारी है। जिनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से आवासों के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में वित्तीय साझेदारी है। जिससे हर पात्र परिवार को 2.5 लाख रुपए तक की सहायता प्रदान की जाती है।

### हर दल में चार अधिकारी



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य के सभी नगर निगमों में जहां यह आवास बन रहे हैं, उनकी जांच के लिए चार-चार अधिकारियों के दल बनाए गए हैं। इनमें संयुक्त संचालक, सहायक संचालक, उप संचालक, कार्यपालन अभियंता तथा एसएलटीसी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं। यह जांच दल निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूडा को पेश करेंगे। उल्लेखनीय है कि पीएम आवास शहरी योजना अब अगले चरण में आ गई है। नई योजना पीएम आवास शहरी 2.0 के नाम से संचालित है। इस योजना के लिए राज्यभर में सर्वे शुरू किया गया है, लेकिन पिछली योजना के क्रियान्वयन पर भी नजर रखी जा रही है।

### देना होगा यह ब्योरा

निर्देश के मुताबिक जांच दल भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक का कार्य अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप तय करते कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की टेस्ट रिपोर्ट, सुरक्षा संबंधी उपाय, एजेंसी द्वारा बंद कार्यों में अनुबंध के मुताबिक वांछित कार्रवाई के विरुद्ध निकाय द्वारा की गई कार्रवाई, स्वीकृत आवासों के आवंटन एवं पूर्ण आवासों के व्यवस्थापन तथा अन्य अनुशांगिक विषयों को रिपोर्ट में शामिल करेंगे। साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिए निकाय में होने वाली कठिनाईयों और उनके निराकरण के उपाय भी रिपोर्ट में रखेंगे।

### बिचौलियों के सहारे पूरा खेल

पीएम आवास की स्वीकृति दिलाने से लेकर स्वीकृति मिलने के बाद मापदंड के विरुद्ध मकान बनाने तक का काम कराने के लिए शहर में बिचौलिये भी आ गए हैं। निगम के अफसर इन बिचौलियों के सहारे ही लोगों से नियम विरुद्ध अपना मकान बनाने के लिए कमीशन दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो इसमें 30 से 70 हजार तक रुपए कमीशन के रूप में लिए जा रहे हैं।

## गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** यात्री प्रतिक्षालय के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश करते आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिसके पास से 303 ग्राम गांजा कीमती लगभग 10,000 रुपए एवं बिक्री की रकम बरामद कर कार्रवाई की है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 22 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्टेट स्कूल के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास एक मेहरूम सफेद रंग की थैला में अवैध रूप से गांजा रखा है और बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों से उचित दिशा-निर्देश प्राप्त कर कोतवाली स्टॉफ मौके पर पहुंचा एवं घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा।


### 303 ग्राम गांजा बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपी ने नाम-पता पूछने पर अपना नाम व पता लोमन सिंह पिता रामजधीन सिंह नावेलकर निवासी शंकरपुर जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक मेहरूम सफेद रंग के प्रिंटेड थैला में मादक पदार्थ गांजा 303 ग्राम कीमती 10,000 रुपए एवं पेंट की जेब से नगदी रकम 350 रुपए जुमला कीमती 10,350 मिला। मादक पदार्थ गांजा रखने/बेचने के संबंध में वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखना/बेचना पाए जाने पर मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी रकम को पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलॉफ धारा 20-बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर 23 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से गांजा शराब बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, प्रधान आरक्षक शम्भूनाथ द्विवेदी एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

## माय एंगल



## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का व्यापारी संगठन ने किया विरोध, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के एक व्यापारी की मौत हो गई। इस हमले की कड़ी निंदा करते चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि नक्सलियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कर कायराना हरकत की है। उन्होंने कहा कि इस हमले में रायपुर के एक व्यापारी की जान भी चली गई। जिसका व्यापारी संगठन कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र सरकार कड़ा कदम उठाए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम दिए गए अपने ज्ञापन में कहा है कि इस आतंकी हमले में 27 भारतीयों की जान चली गई। आतंकवादियों ने उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। जिसमें रायपुर के व्यापारी दिनेश मीशनिया की हत्या कर दी गई है। इस हत्या की हम सभी भर्त्सना करते हैं।

### विद्यार्थी परिषद ने जलाया आतंकवादियों का पुतला



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहर के दिग्विजय कॉलेज के सामने प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया और आतंकवाद का पुतला जलाकर केन्द्र की मोदी सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आतंकवादियों की इस कायराना करतूत को लेकर आतंकवादी विरोधी नारे लगाए और आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग की।

## चौथिया से लौट रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### ग्राम मुडपार के पास बीती रात हादसा

चौथिया जाने के लिए एक मालवाहक में सवार होकर ग्रामीण गए हुए थे। वहां से जब वे वापस लौट रहे थे, तभी तुमडीबोड डोंगरगढ़ रोड मोड के पास ग्राम मुड़पार में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनगांव में एक वैवाहिक आयोजन के तहत बीती रात यहां से चौथिया जाने के लिए बस, स्कार्पियो एवं पिकअप वाहन में लोग डोंगरगढ़ के ठेठवार पारा गए थे। रात्रि में खाना खाने के बाद लगभग साढे 12 बजे चौथिया से वापस धनगांव के लिए लौट रहे थे।




### घायलों को चिकित्सालय ले गए

उक्त तीनों वाहन चौथिया गए लोगों को लेकर धनगांव लौट रही थी। इसी दौरान ग्राम मुडपार मोड के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और रोड के किनारे पलट गया। वाहन जैसे ही पलटा, इसमें सवार लोगों में हायतौबा मच गई थी। वाहन में सवार लोग जमीन में गिर गए थे। जिससे इसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोंटे आई और घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु डायल 112 के दो वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अछोली ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बारात चौथिया के लिए माल वाहकों का धड़ल्ले से उपयोग

ज्ञात हो कि इन दिनों शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों का क्रम बना हुआ है। बताया गया कि इस दौरान बारात एवं चौथिया जाने के लिए लोग मालवाहको एवं कृषि उपयोगी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। जिससे दुर्घटनाए होने की आशंका रहती है। उक्त घटना के अलावा पूर्व में भी मालवाहकों से इस तरह की दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### नांदगांव व एमएमसी जिले में हीटवेव का दो दिनों का येलो अलर्ट

# हीटवेव से बचने मटकी, चश्मा-टोपी की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में गर्मी ने अपना आतंक दिखाना शुरु कर दिया है। राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर जिले के लिए अगले दो दिन हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट को देखते हुए बाजार में मटकी की मांग बढ़ी है। वहीं धूप से बचने चश्मा, टोपी व गमछा की मांग बढ़ने लगी है।

ज्ञात हो कि पिछले दस दिनों से गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। माह के अंतिम सप्ताह में दोपहर के समय तेज धूप और देर रात तक गर्मी का वातावरण बना हुआ है। आगामी दिनों में तापमान में और भी वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। इधर मौसम में बदलाव होने के साथ ही बाजार में मिट्टी के बने मटकों की मांग जोर पकड़ने लगी है। बड़ी संख्या में लोग गर्मी में मटकी का ठंडा पानी पीने के लिए उपयोग करते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि बाजार में वैसे तो बारहमासी मटकियां उपलब्ध रहती है, लेकिन गर्मी के मौसम में इनकी मांग अचानक बढ़ जाती है। गर्मी में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा प्याऊ घर खोलकर मटकियों का पानी प्रदाय किया जाता है।



### शीतलपेय सहित खुली आईस्क्रीम की दुकानें

बदलते मौसम के साथ बाजार में गर्मी से संबंधित दुकानें खुल चुकी है। बाजार में जहां रसीले फलों की आवक बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर शीतलपेय, गन्ना रस, लस्सी, आईस्क्रीम इत्यादी की दुकानें भी खुल चुकी है। जिसकी मांग भी लोगों के बीच है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग घर-दफ्तरों में कूलर व एसी का उपयोग शुरू कर चुके हैं। जिसकी खरीदी भी बेहतर हो रही है। कई आर्डर पर कूलर तैयार करने जुटे हुए हैं। शहर के बाजार में चश्मा, टोपी व गमछा की दुकानें सालभर लगी रहती है और सालभर इनकी बिक्री भी बेहतर होती है, लेकिन गर्मी के मौसम में अन्य सीजन की अपेक्षा मांग अधिक रहती है। सभी वर्ग के लोग धूप के लिए चश्में व गमछा इत्यादी की खरीदी करते हैं। इन सामग्रियों की इन दिनों बेहतर बिक्री हो रही है।

### पार्कों में शाम होते ही चहल-पहल

दूसरी ओर गर्मी के इस मौसम में दोपहर के समय शहर सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल-पहल का नजारा बन पा रहा है। शहरी इलाके में शाम होते ही पार्क व तालाब के किनारे ठंडी हवाओं की आस में लोगों को समय गुजारते देखा जा रहा है। शहर के ऊर्जा पार्क, चौपाटी, पुष्प वाटिका, त्रिवेणी परिसर सहित रानीसागर एवं बूढ़ासागर के किनारे देर शाम तक लोगों की बेहतर उपस्थिति ठंडी हवाओं की आस में बनने लगी है।



## खबर संक्षेप

### फटने लगी सालभर पहले बनी सड़क



**उपरवाह।** ग्राम पंचायत खुरसुल को ग्राम पंचायत गनियारी से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत करीब साल भर पहले सड़क बनाया गया था। सड़क फटने लगी है एवं बड़ी बड़ी दरारें भी आने लगी है। सड़क पर दरारे आने से हादसे होने की आशंका है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**चिचोला।** सड़क हादसे में लाल बहादुर नगर निवासी नेमीचंद साहू पिता रामकुमार साहू का निधन हो गया। उम्र 35 वर्षीय नेमीचंद गत 21 अप्रैल को चिचोला से शादी कार्यक्रम के आद अपने घर जा रहा था। लाल बहादुर डिपो के पास हादसे का शिकार हो गया। चिचोला पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव परिजन को सौंप दिया।

### सेवक सम्मेलन 24 को, शामिल होंगे विजय शर्मा

**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा के स्कूल मैदान में शुक्रवार को सेवा मंड़ल द्वारा बाबा जूमदेव की जयंती के मौके मानव धर्म सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे सामूहिक हवन होगा। तत्पश्चात 8 बजे भव्य रैली निकाला जाएगा। दोपहर साढ़े 12 बजे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। भगवान बाबा हनुमान एवं बाबा जूमदेव की पूजन एवं स्वागत के बाद मानव धर्म की चर्चा होगी। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसुदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विधायक ईश्वर साहू, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, ईश्वरी साहू, विक्रांत सिंह, पुष्पा जंघेल, नंद श्रीवास, बिशेषर साहू, हेमलता मंडावी, राजू जंघेल, आनंद पटेल, कांशीराम पोर्ते, टीके चंदेल, शत्रुघन साहू, युवराज पटेल होंगे।

### भागवत कथा आज से

**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया में कल 24 अप्रैल से आगामी 2 मई तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। यजमान पूर्व सरपंच मीरादेवी वैष्णव है। उन्होंने अपने पति स्व शंकर्षण दास वैष्णव की स्मृति में यह आयोजन रखा है। कल गुरूवार को जल यात्रा, वेदी पूजा एवं घट स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगा। कथा वाचक आरंग निवासी नवीन कृष्ण जी महराज होंगे।

### मुमुक्षु गौरव का अभिनंदन आज



**सड़क अतरिया।** आचार्य प्रवन रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में ग्राम के स्व दिलीप नाहटा एवं प्रमिला नाहटा का पुत्र गौरव नाहटा आगामी 30 अप्रैल को राजस्थान के गंगा शहर भीनासार में दीक्षा ग्रहण करेगा। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों द्वारा उनका अभिनंदन कल गुरूवार को किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत सुबह वरघोड़ा निकाला जाएगा जो पंचायत भवन से भजन कीर्तन के साथ निज निवास पहुंचेगा। अभिनंदन समारोह के बाद मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।

### नि:शुल्क रेडिया का वितरण

**डोंगरगढ़।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के कमांडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कंहारगांव में किया गया। जवानों ने बुजुर्गों एवं महिलाओं को रेडियो का वितरण किया। इस अवसर पर निरीक्षक हेमंत कुमार तिवारी, सरपंच अलका मेश्राम एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### गैंदीबाई ने नए आवास में किया प्रवेश



**बांधा बाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत गुण्डरदेही में हीरा गैंदी बाई सिन्हा को नवनिर्मित आवास में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच रवि नेताम, कैलाश सिन्हा, महेश सहारे, श्री मंडावी आदि मौजूद थे।

### सामाजिक कुरूतियों को करें दूरः अंजू

**सोमनी।** परिक्षेत्रीय स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव का आयोजन सुंदरा मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम परमलाकसा में किया गया। मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष अंजू दिनेश साहू थी। अध्यक्षता मनोज साहू ने की। विशेष अतिथि देवकुमारी साहू, टिमला साहू, सरपंच परमिला साहू, प्रेमचंद साहू, दीपक वैष्णव, जितेंद्र साहू थे। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष श्रीमती साहू ने मां कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का निवेदन किया। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह जानकारी रामकिसुन साहू ने दी।



### कार्यशाला में गणित के प्रति रूचि बढ़ाने पर हुआ मंथन

**डोंगरगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल की अध्यक्षता में गणित विषय के व्याख्याता की एक दिवसीय कार्यशाला नवोदय स्कूल में आयोजित की गई। कार्यशाला में गणित विषय में कम होते छात्रों का कारण तथा निवारण पर चर्चा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित के प्रति रुचि जागृत करने काउंसलिंग के साथ गणित की महत्ता छात्र तथा पालकों को बताने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कम्पटीशन परीक्षा के लिए गणित बहुत उपयोगी है। गणित विषय की विद्यार्थियों को अन्य की अपेक्षा सफलता मिलने के चांस ज्यादा होते है। जिला शिक्षा अधिकारी ने 11वीं में गणित लेने हेतु प्रेरित करने का सुझाव दिया। बीटीआई डोंगरगांव के प्राचार्य मुकुल साव ने उदाहरण के साथ गणितीय अवधारणाओं को रुचिकर बनाने हेतु कक्षा तथा स्कूल में अनुकूल माहौल निर्मित करने का परामर्श दिया। कार्यशाला में नवोदय स्कूल के प्राचार्य आदित्य खरे, बीईओ विरेंद्र कौर, सतीश, मनोज चैहान, मनोज मरकाम सहित अन्य शामिल हुए।



## गर्मी बढ़ने के साथ गांवों में गहराया जल संकट, समाधान की पहल नहीं

# जल जीवन मिशन योजना बंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**दम तोड़ रहे मौजूदा जल श्रोत**

### निरर्थक साबित हो रही सरकारी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

क्रेड़ा की लापरवाही से वनांचल के ग्राम कटेंगाटोला में जल जीवन योजनांतर्गत संचालित सोलर पानी टंकी एक साल से बंद है। सुधार के लिए ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि लगातार कोशिश कर रहे हैं किन्तु परिणाम अब तक शून्य रहा है। विभागीय लापरवाही के कारण भीषण गर्मी के दौर में ग्रामवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

■ ग्रामीणों की अनदेखी कर रहे अधिकारी

जानकारी के अनुसार ब्लाक मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मरकाकसा के आश्रित ग्राम कटेंगाटोला में पेयजल की समस्या को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2023-24 में 15 लाख 80 हजार की लागत से दस हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी स्थापित की गई ताकि गांव के 113 परिवार लाभान्वित हो सके।



**दो माह में योजना ठप्प**

पानी टंकी बनने के बाद कटेंगावासियों को उम्मीद थी कि अब उन्हे पेयजल समस्या से निजात मिलेगी किन्तु क्रेड़ा के अधिकारियों एवं ठेकेदार की सांठगांठ से लाखों की योजना ने दो माह के भीतर ही दम तोड़ दी। बोर खराब होने के बाद दूसरा बोर खनन कराया गया लेकिन ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल सका। वर्तमान में एक साल से जल जीवन मिशन योजना बंद है। ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग में शिकायत कर व्यवस्था में सुधारने की मांग किया परन्तु विभागीय उदासीनता से अब तक सुधार नहीं हो सका है। इसी तरह ग्राम पंचायत गिधवाभंवर एवं मोहगांव में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी बंद है। यहां भी ग्रामीणों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**विभाग झाड़ रहा पल्ला**

ग्रामीणों ने बताया कि क्रेड़ा विभाग के सहायक अभियंता से बंद जल जीवन मिशन योजना की शिकायत किया जाता है तो पंचायत के फण्ड से सुधार कराने की सलाह देकर पल्ला झाड़ लेते है।

### प्रशासन से निस्तारी जल मांगने पहुंचे ग्रामीण

**सड़क अतरिया।** चकनार के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सरकारी विभाग में पहुंच कर निस्तारी जल उपलब्ध कराने की मांग किया है। ग्राम में निस्तारी के लिए एक तालाब है। जिसका उपयोग ग्रामीण सदियों से करते आ रहे हैं परन्तु एक व्यक्ति ने तालाब को निजी संपत्ति बताकर उसके पानी को बहा दिया है। अब तालाब को निजी उपयोग के लिए चार खंड में विभाजित किया जा रहा है। ग्रामीण निस्तारी जल से वंचित हो गए हैं।भीषण गर्मी में ग्रामीण एवं मवेशियों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई। सरपंच लालचंद पटेल, डोगेन्द्र सोरी, रमेश जंघेल, गोवर्धन सिन्हा, पवन पटेल, तखत राम जंघेल सहित अन्य ने मंगलवार को राजस्व कार्यालय पहुंच कर निस्तारी जल की समस्या को दूर करने की मांग किया। तहसीलदार प्रीतमसिंह चौहान ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



### सरकारी बोर पर कब्जा कर खेतों की सिंचाई



**डोंगरगढ़।** गर्मी बढ़ने के साथ इलाके में जल संकट गहरा गया है वहीं ग्राम भोथली में शासकीय बोर मे मशीन लगाकर खेतों की सिंचाई का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार भोथली के एक किसान अपने घर के सामने स्थित शासकीय हैण्डपंप में निजी मशीन लगा खेतों में सिंचाई कर रहा है। पता चला कि पीएचई विभाग के कर्मचारी ने किसान को यह सुविधा मुहैया कराया है।

जानकारी के अनुसार इस मामले की कई बार शिकायत हो चुकी है। अधिकारी कर्मचारी शिकायत पर किसान को मौखिक चेतावनी दे कर चले जाते हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।



**कार्रवाई किया जाएगा**

एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि जानकारी को संज्ञान में जांच के बाद कार्रवाई किया जाएगा। अब देखने वाली बात यह है कि कब तक जांच और कार्रवाई होती है।

**सफाई का बहाना**


शासकीय बोर में मशीन लगाने वाले कर्मचारी पहले ग्रामीणों से यह कहते रहे कि पानी खराब होने के कारण मशीन लगा कर सफाई किया जा रहा है। सवाल यह है कि यह कैसी सफाई किया जा रहा है कि बोर में महीनों से पंप लगाकर पानी खेतों में पहुंचाया जा रहा है। बताया जाता है कि आसपास कई गांव के शासकीय बोर में पंप लगा दिया गया है।

# रेत की चोरी जारी, जनप्रतिनिधि मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खनिज माफिया और प्रशासन के बीच इन दिनों लुकाछुपी का खेल चल रहा है। माफिया राजनीतिक संरक्षण में रेत का खनन और परिवहन करने एक्टिव है तो प्रशासन कार्रवाई के नाम औपचारिकता निभा रहा है। हाल ही में कुछ वाहनों को पकड़ा गया था किन्तु रेत के कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। वहीं अंकुश लगाने की पहल करने वालों ने आश्चर्यजनक रूप से अब चुप्पी साध लिया हैं जिससे उनकी निष्ठा पर सवाल खडे होने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर से लगे करियाटोला, मटिया, बगदई, साल्ह, आसरा से कई महीने से रेत का बेरोकटोक खनन और परिवहन किया जा रहा हैं। इस आशय की खबरें लगातार सामने आने के बाद भी खनिज विभाग कार्रवाई करने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जानकारी के अनुसार बीते दिनों हरिभूमि में नदियों को छलनी कर रहे रेत तस्कर शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग ने दिखावे के लिए आधा दर्जन वाहनों को जप्त किया था। वहीं इससे पहले निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और भाजपा से जुड़े नेताओं ने रेत के खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने जेसीबी से रास्ता उखड़वा दिया था। करियाटोला में रास्ता पुनः बनाकर रेत का परिहवन किया जा रहा है।



**डील की चर्चा**

खनिज माफिया और कुछ जनप्रतिनिधियों के बीच बड़ी डील होने की जमकर चर्चा है जिसके चलते जनप्रतिनिधि बेजा धंधे के खिलाफ अपना मुंह नहीं खोल पा रहे है वहीं राजनीतिक संरक्षण के कारण अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं।

**सरकार को लगा रहे चुना**

जानकारी के अनुसार नदियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने आवास योजना के हितग्राहियो को रेत का खनन कर छोटे वाहन मे परिवहन करने की छूट दिया है जिसकी आड़ में रेत माफिया मनमाने तरीके से रेत का खनन कर हाइवा, माजदा और ट्रेक्टर से परिवहन कर रहा है।

### जिला स्तरीय सेन जयंती एवं महासभा 24 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दो दिवसीय जिला स्तरीय सेन जयंती का आयोजन 24 से 25 अप्रैल को छुरिया में किया गया है। आयोजन के तहत 24 अप्रैल को सामाजिक महासभा का आयोजन किया गया है। आगामी 25 अप्रैल को सेन समाज द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू के आतिथ्य और भुवन कौशिक की अध्यक्षता में होगा। विशेष अतिथि शिवकुमार सेन, राजकुमारी सिन्हा, राजकुमार सिन्हा होंगे। दोपहर तीन बजे सेन जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक दर्शन परिवार एवं मधु मानस परिवार की प्रस्तुती होगी। समापन के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता सर्व सेन समाज के अध्यक्ष पुनीत राम सेन करेंगे। विशेष अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, सुश्री मोना सेन, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव होंगी। यह जानकारी शेखर भरद्वाज, देवा कौशिक ने दी।

# अध्यक्ष शर्मा ने किया आचार्यश्री को नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पहुंचकर दर्शन किया। उनके चन्द्रगिरि तीर्थ पहुंचने पर ट्रस्ट के सदस्यों ने अभिवादन किया। उन्होंने श्रीफल चढ़ाकर आचार्यश्री की समाधि को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह स्थान आचार्य श्री की तपो भूमि है। यहाँ उन्होंने संल्लेखना धारण किया जिससे यह भूमि पवित्र और उर्जावान हो गई है। इस दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारी, अमित जैन, जसमीत, रमन डोंगरे आदि मौजूद थे।

**ट्रस्ट ने किया अभिनंदन**

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने ऊपर मंदिर में माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किया। इस दौरान माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रकाश बिंदल ने मातारानी का छायाचित्र और चुनरी भेंट किया।

# युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**गंडई पंडरिया।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थी के लिए एक दिवसीय प्रकृति दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में महाविद्यालय, स्कूली विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हुए। इस दल ने बाघमाड़ा जंगल की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा।

ठाकुरटोला हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक मनोहर चंदेल के मार्गदर्शन में सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के उचित निपटान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को पॉली ब्रिक्स बनाना सिखाया गया, जो प्लास्टिक कचरे के सदुपयोग का बेहतरीन उदाहरण है।



यात्रा के दौरान छात्रों ने बाघमाड़ा जंगल के शांत और सुंदर वातावरण का आनंद लिया। नदियों के शीतल जल में नहा कर बच्चों और शिक्षकों ने गर्मी से राहत पाने के साथ खूब मस्ती किया। शिक्षक चंदेल ने पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की सुरक्षा में मानव की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस यात्रा में नीरज साहू, योगेश साहू, देवलाल यादव, भूपेंद्र प्रजापति, विनोद यादव, रामेश्वर मसखरे, शुभम साहू, ठाकुर कुमार, टाकेन साहू, उमेश साहू, अमित, राहुल साहू, रोहित और अन्य शामिल थे। इस पहल से युवाओं को जल, जंगल और जमीन का महत्व समझने और स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाने की




समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ललित चोपड़ा
सभापति
जिला पंचायत, केसीजी
राजकुमारी धुर्वे
सरपंच
ग्राम पंचायत कोटरा
कांतिबाई पटेल
सरपंच
ग्राम पंचायत आमाघाट कादा


राष्ट्रीय
पंचायती राज
दिवस
समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रियंका ताम्रकार
अध्यक्ष, जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
रवमहन ताम्रकार
पूर्व उपाध्यक्ष,
जनपद पंचायत, छुईखदान


समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हेमंत वर्मा
सरपंच
ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी
विकासखण्ड छुईखदान


राष्ट्रीय
पंचायती राज
दिवस
समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को
राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
संदीप वैष्णव
सरपंच
ग्राम पंचायत गोपालपुर
विकासखण्ड छुईखदान

## सार समाचार

### गोलबाजार में पानी की सुविधा



**डोंगरगढ़।** गोल बाजार के व्यापारियों और नागरिकों को गर्मी में होने वाली पानी की समस्या को ध्यान में रखकर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे और अमित जैन ने पानी टंकी की व्यवस्था किया है।

### पेड़ों का भी क्यूआर कोड



**डोंगरगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य भरतलाल देवांगन एवं इको क्लब प्रभारी नेहा साहू, तौफीक रज़ा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेड़ो पर क्यूआर टैगिंग किया। इस परियोजना का उद्देश्य पेड़ों की जानकारी को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराना और विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना था। विद्यार्थियों ने पेड़ों का चयन कर क्यूआर कोड बनाया और पेड़ों की जानकारी इकट्ठा किया। क्यूआर कोड को पेड़ों पर लगाने से आम जनता पेड़ों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त हो सकती है। इस परियोजना से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया।

### शेक्सपियर को किया याद



**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर के निर्देशन में बुधवार को शेक्सपियर दिवस मनाया गया। इस मौके पर शेक्सपियर के जीवन एवं उनके लेखन विषय पर छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखे। विलियम शेक्सपियर की महानता को सबके सामने प्रस्तुत किया गया। आयोजन में बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मुरली साहू, मोनिका मारकंडे, देव्यानी, चंद्रप्रकाश साहू एवं बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की लक्ष्मी यादव ने भाग लिया। शेक्सपियर दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान मिथलेश कुमार, द्वितीय चंद्रप्रकाश साहू एवं तृतीय स्थान तन्नु ठाकुर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य एवं अंग्रेजी भाषा का महत्व बताया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने विलियम शेक्सपियर की लेखन शैली, लेखन कौशल तथा साहित्यिक रचनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष लीना साहू ने किया। अंत में शुभि जैन ने आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की देशभर में कड़ी निंदा हो रही है। विभिन्न संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है । वहीं आज शाम शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मोमबत्ती जलाकर आतंकवादियों के हमले में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है और शहर के जयस्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर कांग्रेसी नेताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस श्रद्धांजलि सभा के दौरान जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, धनेश पटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, शारदा तिवारी, नरेश डाकलिया, सुदेश देशमुख,हेमा देशमुख, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, कमलजीत सिंह पिंटू, अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर पाटिल, माया शर्मा, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, आसिफ अली सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने कायराना हरकत किया है। निर्दोष पर्यटकों को मारा है, जिन्हें आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने कहा कि केंद्र की सरकार आतंकवाद का खत्मा नहीं कर पा रही है। आतंकवाद कश्मीर के लिए नासूर बन गया है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को नैतिकता के नाते अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्दोष देशवासियों की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी । वहीं पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि आतंकवाद चरम सीमा पर पहुंच गया है। आज हिंदू भाइयों को मारा जा रहा है । सरकार देश को हिंदू -मुस्लिम में बांट रही है और आतंकवाद पर लगाम नहीं लग पा रही है। ज्यस्तंभ चौक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेसियों ने आतंकवादी विरोधी नारे लगाए और मृतकों के लिए मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आवेदनों का निराकरण करने मेयर ने दिए निर्देश

# कार्य में प्रगति लाने वार्डों में अधिकारी कर रहे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 का अधिक से अधिक लाभ देने हितग्राहियों को जानकारी देने विभाग के अधिकारियों से कहा है। उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में आए आवेदनों की जांच कर समय-सीमा में निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देने कहा है। इसी प्रकार आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वर्मा द्वारा समय-समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी एवं योजना के द्वितीय चरण 2.0 में नए आवेदन की जानकारी तथा प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन उपरांत डीपीआर तैयार करने व इसी तारतम्य में निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## आवास योजना की जानकारी हितग्राहियों को दें



### आवेदनों का करें निराकरण

आवास योजना के कार्यों में गति लाने महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा द्वारा योजना से जुडे अधिकारियों को प्रगति की जानकारी देने निर्देशित किया है। सिविल इंजीनियर सजल तिवारी द्वारा निर्माणाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने हितग्राहियों से इस संबंध में चर्चा कर उन्हें आवास पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग प्रदान कर तकनीकी गुणवत्ता की जानकारी प्रदान कर आवास को पूर्ण करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों का निराकरण तय तिथि तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### प्रगति की ली जानकारी

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे ने योजना से जुडे अधिकारियों एवं वास्तुविदों के साथ बैठक कर योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत भौतिक प्रगति की जानकारी वास्तुविदों से ली। साथ ही धीमी प्रगति से असंतुष्ट होकर निराशा व्यक्त करते कडे शब्दों में सभी वास्तुविदों को छत स्तर तक सभी आवासों को पूर्ण करने एवं लेंटर लेबल के निर्माणाधीन आवास को 30 अप्रैल 2025 तक रूप स्तर तक पहुंचाने तथा वार्डों में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ता का निरीक्षण

निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी वसीम खान एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर सजल तिवारी, सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बीएलसी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे हैं। सहायक नोडल अधिकारी वसीम खान एवं आवास की टीम हितग्राही द्वारा निर्माणाधीन स्वयं से आवास का जायजा लेकर हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण के संबंध में योजना के नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है और आवास निर्माण पर उन्हें चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश निर्मित व कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं एवं कोचियों के विरूद्ध लगातार धरपकड़ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत व भोजराज उइके के दल द्वारा डोंगरगढ़ के पलांदूर मोहारा क्षेत्र में देवानंद वर्मा के कब्जे से 3.600 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित विदेशी मदिरा गोवा जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया।

इसी प्रकार आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण तुलेश्वरी देवांगन एवं मुख्य आरक्षक मिलाप मण्डावी, किशोरी कोर्राम, दीपक सिन्हा के दल ने पथरा नवागांव नाला के पास अज्ञात 10 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब, लगभग 50 किलोग्राम महुआ लाहन एवं निर्माण सामग्री आबकारी अधिनियम की धारा के तहत जब्त किया गया। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 25 से ग्रीष्मकालीन अवकाश

**राजनांदगांव।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

### कॉन्फ्लुएंस कालेज में मनाया विश्व पुस्तक दिवस



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर छात्रों में पुस्तकों और इसे पढ़ने में रूचि को बढ़ावा देने पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न छात्र-छात्राओं ने पुराने, नए एवं उपयोगी पुस्तकों का दान महाविद्यालय परिसर के ग्रंथालय में किया। इस कार्यक्रम में बी.एड. द्वितीय सेमे. की छात्राएं अर्जिता शर्मा, एवन करभाल, रीना देवांगन, हेमा ठाकुर, ज्योति निषाद, नीतिका पटेल आदि ने विभिन्न पुस्तकों का दान ग्रंथालय में किया।

## 148 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में सुशासन तिहार 2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग को मांगों से संबंधित 393 एवं शिकायत से संबंधित 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका प्रभावी ढंग से नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न मांगों से संबंधित कुल 148 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।



## योग शिक्षक बनाने युवाओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में नीचे मंदिर स्थित योग हाल में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ स्वामी रामदेव के शिष्य स्वामी विप्र देव एवं स्वामी नरेंद्रदेव ने किया। रोग मुक्त, दवा मुक्त और नशा मुक्त भारत का निर्माण के उद्देश्य को लेकर आयोजित इंटीग्रेटेड योग शिविर में योग शिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रातः 6 बजे स्वामी विप्रदेव एवं नरेंद्र देव प्रतिदिन 50 से अधिक लोगों को योग, प्राणायाम का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने योग से रोग मुक्ति की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षक डीसी येडे, हेमंत साहू, संतोष टेमरे, विश्वनाथ यादव, हीरालाल मौर्य, श्रीनिवास जनबंधु, पंचूराम साहू, प्रदेश संगठन प्रभारी श्रीराम शर्मा उपस्थित थे।



### योग पर व्याख्यान

स्वामी नरेंद्र देव ने लगभग 1 घंटे तक प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ व्याख्यान भी दिया। स्वामी विप्रदेव ने हवन क्रिया से स्वस्थ्य जीवन के बारे में बताया। समिति के अध्यक्ष संतोष टेंबरे ने बताया कि 45 युवक युवतियों ने शिविर के लिए पंजीयन कराया है जिन्हे सुबह 6 से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद शिक्षक प्रमाण पत्र के लिए हरिद्वार शिविर में जाने का अवसर मिलेगा। इस दौरान योग, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर, घरेलू उपचार का प्रशिक्षण भी मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, संतोष टेमरे, हेमंत साहू, विश्वनाथ यादव, गोपाल खेमुका, श्रीनिवास जनबंधु, हीरालाल मौर्य, सत्येंद्र बिसेन, श्याम तिवारी, मनोज दम्मानी, महावीर भंडारी, बंटू काका, मोहन शर्मा, यूएस वर्मा, कमल अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, रजनी भाटिया, निर्मला चौधरी, भीष्म ठाकुर, मंथिर साहू, हंसराज साहू, सुभाष आदि मौजूद थे।

## मानव तस्करी पर 108 आरक्षकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आरक्षक और प्रधान आरक्षकों के लिए आयोजित इन सर्विस कोर्स अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मानव तस्करी विषय पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव रिसोर्स व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में राजनांदगांव रेंज के बारह प्रधान आरक्षक और सौ महिला नव आरक्षक सहित कुल 108 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षक शरद श्रीवास्तव ने मानव तस्करी की परिभाषा सहित विभिन्न प्रकार जैसे यौन तस्करी, श्रम तस्करी, बाल तस्करी एवं अंग तस्करी पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक द्वारा मानव तस्करी की वैश्विक प्रवित्तियां और आंकड़े पर भी प्रतिभागियों से चर्चा की। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मानव तस्करी रोकथाम हेतु सबसे महत्वपूर्ण कदम जनजागरूकता है। लोगों को शिक्षित और जागरूक करके ही मानव तस्करी के प्रकरणों में कमी लाई जा सकती है। इसके लिए शिक्षा और जागरूकता अभियान, कानूनी ढांचे का निर्माण, सरकारी और गैर सरकारी सहयोग, कार्यशालाएं और सेमिनार सहित आर्थिक विकास कार्यक्रमों से लोगों को विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को जोड़ना आवश्यक है।

शरद श्रीवास्तव ने बताया कि मानव तस्करी का मुख्य कारण जानकारी का अभाव, शिक्षा की कमी और आर्थिक पिछड़ापन है। प्रशिक्षण के दौरान मानव तस्करी रोकथाम में पुलिस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर निरीक्षक विक्रम बघेल और उप निरीक्षक जाकिर अली उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि नंदा सेन की जयंती 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- छुरिया में होगा भव्य आयोजन, पूजा अर्चना सहित विविध कार्यक्रम

नाई समाज के आराध्य गुरुदेव संत शिरोमणि श्री नंदा सेन जी महाराज की 725वीं जयंती जिला सेन समाज राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय रूप में जिले के नगर पंचायत छुरिया में 25 अप्रैल को विशाल नाई समाज के जनमानस के साथ मनाएगा।

समाज के जिलाध्यक्ष एसएन सांडिल्य ने निवेदन किया है कि 725वी सेन जयंती सकल जनमानस को भक्ति की धारा से जोड़ने वाले संत की जयंती यह वृहद जिला स्तरीय रूप में कल मनाया जा रहा है और 24 अप्रैल को जयंती के एक दिन पहले पूर्व संध्या को कार्यक्रम स्थल छुरिया में 'जिला स्तरीय नाई महा सभा संगोष्ठी' आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि प्रांत सचिव भुवनलाल कौशिक और अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिव कुमार सेन करेंगे।

सचिव लोकेश सेन ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य दूसरे दिन शुक्रवार को सभी सामाजिक बंधु सुबह अपने-अपने ब्लॉक, सर्किल, शहर के भवन में विराजमान गुरुदेव की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर संगठन द्वारा व्यवस्था की गई बसों से जाने के लिए सुबह 9 बजे बताए स्थानों पर पहुंचेंगे, तत्पश्चात छुरिया में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा द्वारा होगी। सभा स्थल में संत श्री सेन जी महाराज की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद अतिथियों का स्वागत-सम्मान-उद्बोधन का कार्यक्रम होगा। जिसमें गुरुदेव के जीवन की महिमा का गुणगान किया जायेगा। अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभावानों को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया जाएगा और दोपहर का भोजन प्रसादी सेवा किया जाएगा। जिला मीडिया संयोजक इंद्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि दूसरे सत्र में समापन के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता पुनीतराम सेन, संतोष पाण्डेय, रिकेश सेन उपस्थित होंगे।

## महेश सेन बने राजनांदगांव ग्रामीण युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष पद पर महेश कुमार सेन की नियुक्ति की गई है। उनकी यह नियुक्ति राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चीब, छत्तीसगढ़ प्रभारी शेषनारायण ओझा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुशंसा पर की गई है।

श्री सेन के कहा कि नया पद नई जिम्मेदारी लेकर आती है। संगठन ने उन्हें जो ज़िम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठापूर्वक निर्वाह करेंगे। कांग्रेस के विचारों को शहर से लेकर जिले के अंतिम गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही जिले में युवा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक युवाओं की टीम तैयार किया जाएगा।



महेश सेन के जिला अध्यक्ष बनने पर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू , खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव निखिल द्विवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू जितेन्द्र मुदलियार, भुनेश्वर बघेल, धनेश पटिला, थानेश्वर पटिला, किसान कांग्रेस मदन साहू, महिला कांग्रेस रामक्षात्रिय चन्द्रवंशी, एनएसयूआई अमर झा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हिरा सोनी, विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, चेतन साहू सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने महेश को शुभकामनाएं दी है।

## बिजनेस साईट

### भाईसा मार्केट में तीन दिवसीय कूलर मेला

**राजनांदगांव।** शहर की प्रतिष्ठित, विश्वसनीय और वाजिब दाम के साथ ग्राहकों को विशाल रेंज उपलब्ध कराने वाली भाईसा मार्केटिंग में तीन दिवसीय कूलर मेले का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित इस कूलर मेले में, इस गर्मी खरीदी पर विशेष कैशबैक ऑफर दिया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक इस कूलर मेले में पहुंच रहे हैं।

भाईसा मार्केटिंग द्वारा आयोजित इस कूलर मेले को लेकर श्रेयांश भंसाली ने बताया कि भाईसा मार्केटिंग में सभी कंपनियों के कूलर की विशाल रेंज उपलब्ध है। यहां 4000 से लेकर 40000 तक के कूलर मौजूद है ।

#### फाइनेंस की सुविधा

शहर के कृष्ण टॉकीज के सामने सिनेमा लाइन स्थित भाईसा मार्केटिंग में कूलर की खरीदी पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं कैशबैक ऑफर भी दिया जा रहा है।






## समापन समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां व पोषक व्यंजनों की झलकियों ने मोहा मन

# जिले में आयोजित 15 दिवसीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह एक गरिमामय और प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। भारत माता चौक में पोषण पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ, जो ज्ञान, स्वास्थ्य और जागरूकता के प्रकाश का प्रतीक बना। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद दीपक सिन्हा, श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती किरण सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू ने संबोधन में कहा कि एक सुपोषित बच्चा ही कल का सशक्त नागरिक होता है। हमें मिलकर कुपोषण के विरुद्ध जन आंदोलन खड़ा करना होगा। वहीं उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पवन जायसवाल,श्रीमती मनीषा साहू व अन्य वक्ताओं ने भी पोषण और जन-जागरूकता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम की विशेषता रही पोषक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार पारंपरिक व स्वास्थ्य वर्धक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। व्यंजनों की विविधता और स्वाद ने सभी को आकर्षित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों द्वारा गीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। यह कला और जागरूकता का समागम समारोह की जान बन गया।

### हर घर पोषण, देश रौशन के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ पोषण पखवाड़ा




जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि पूरे पखवाड़े में पोषण रैली, जागरूकता सत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर और पोषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस वर्ष की थीम हर घर पोषण, देश रोशन को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया तथा पोषण अभियान में योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय सहभागियों की प्रशंसा की गई। सुश्री नितिका ड़डसेना द्वारा उपस्थित जनों को पोषण शपथ दिलाई गई वहीं परियोजना अधिकारी श्रीमती कृतिका सिंह ने समापन भाषण में कहा कि पोषण कोई एक दिन का विषय नहीं है, यह एक सतत प्रयास है जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती संगीता साहू, ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी ने कुशलता से किया। समापन समारोह में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा व जनप्रतिनिधि तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पीएमश्री योजना में जिले के छः व्याख्याता पुणे कार्यशाला के लिए चयनित

■ जिला शिक्षा अधिकारी योगदत्त साहू समस्त प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा








पीएम श्री योजना अंतर्गत स्टेम शिक्षकों के क्षमता निर्माण कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च पुणे (आइसर) डॉ होमी भाभा मार्ग पुणे महाराष्ट्र में 27 अप्रैल से 1 मई 2025 तक पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएम श्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत शिक्षकों को गणित विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित है, उक्त कार्यशाला में जिला कबीरधाम से छः व्याख्याता का चयन हुआ है, जिसमें रीना पंडित व्याख्याता सेजस बोड़ला, पवन कुमार साहू व्याख्याता सेजस पंडरिया, रेणुका टांडिया व्याख्याता सेजस स लोहारा, स्वामी खटकर व्याख्याता सेजस पोंड़ी, डिगेश चंद्र दिवाकर व्याख्याता सेजस कवर्धा एवं विनोद कुमार चंद्रवंशी व्याख्याता सेजस पिपरिया का चयन कार्यशाला के लिए हुआ है। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे, कार्यशाला के माध्यम से व्याख्याता को नवीन शैक्षणिक पद्धतियों, प्रयोग और शैक्षिक नवाचार से अवगत कराया जाएगा। व्याख्याता के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी योगदत्त साहू समस्त प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी।

## पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में उमड़ रही भक्तो की भारी भीड़



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कारीमाटी में आयोजित श्री पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में कड़ी धूप व उमस के बीच क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजनों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ रही है। इस पंच कुण्डीय महायज्ञ में सुबह से देर रात तक श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में परिक्रमा पं भोलेश्वर शास्त्री के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का रसपान कर श्रद्धालु गण अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

# पानी टंकी में सुधार के बाद ग्रामवासियों को मिल रहा शुद्ध पेयजल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में पानी टंकी एक हफ्ते बंद पड़ा था, जिससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना व पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को शिकवा-शिकायत की गई वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने पेयजल की समस्या को देखते हुए तत्काल पानी टंकी की पाइप-लाइन व मोटर पंप की मरम्मत व सुधार किया गया। जिससे ग्रामीणों को घरो-घर शुद्ध पेयजल का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। जिस पर सरपंच प्रतिनिधि शत्रुहन बंजारे, उप सरपंच सत्यनारायण भारती, पंच हरी कुर्रे, भुनेश्वर कुर्रे, करण लहरें, शंकर साहू, भगवानदास कुर्रे, संजय भारती, गुरुप्रकाश गुप्ता तथा खेलेश्वर कुर्रे का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

## चौरा-भोरमदेव में दूधकौरा यादव समाज की हुई है परिचर्चा बैठक



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम चौरा में दूधकौरा यादव समाज का एक दिवसीय परिचर्चा बैठक भोरमदेव चौरा ग्राम में भगवान श्रीराधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में सामाजिक महासभा बैठक आयोजित किया गया, जिसमें भगवान श्रीराधाकृष्ण के विधि विधान से पूजा-अर्चनाकर सामाजिक बैठक आयोजित किया, जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में समाज के पदाधिकारी व ग्रामीण जन पहुंचकर बैठक का गौरव बढ़ाया। जिसमें मुख्य रुप सें समाज प्रमुख अध्यक्ष केशव यादव, सचिव सिद्धराम, कोषाध्यक्ष कजेलाल, कुरहा (ठेठवार) बजरहा, कडहार बरन यादव, देवान रामावतार, पंच नानुक, गोमस्टा मंगल छडीदार, समाज पुलिस यादव, चरन यादव, महेश, अघन, मेंघनाथ, जगे, बिठल, मनोहर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता गण तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें। वहीं यादव समाज के मीडिया प्रभारी घनाराम यादव ने जानकारी दिया कि समाज के पांच स्तम्भ अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा व न्याय प्रणाली तथा संस्कृति कला समाज के रीति-रिवाज परंपरा के विषय के साथ उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा सें यादव समाज सामाजिक व्यवसायिक परिषर भवन तथा मंदिर परिषर में बांउड्रीवॉल की मांग को लेकर परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# पहलगाम में आतंकवादी हमला कायरता की पराकाष्ठा है: विधायक भावना



■ पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में हुई जान-माल की क्षति पर हर कोई शोक व्यक्त कर रहा है। वहीं देशवासियों में आक्रोश भी स्पष्ट दिख रहा है। वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहलगाम में घटना स्थल पर पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं सेना ने आतंकवादियों की तलाश के लिए ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। इसी बीच अमित शाह ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए 26 मासूमों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारजनों से भी मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की।

इस दुखद घटना पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी का धर्म पूछकर उनकी हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भारतीय सेना के जवान उन सभी आतंकवादियों को उनकी सही जगह जरुर पहुंचाएंगे। इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे-संबंधियों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करती हूँ। इस कठिन समय में राष्ट्र एकजुट है और आतंक के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी।

इस हादसे में हमारे रायपुर के दिनेश मिरानिया का भी निधन हुआ है और हम पूरे परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। भावना बोहरा ने कहा कि विगत वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के विकास और वहां की जनता हेतु लिए गए निर्णायक फैसलों से जम्मू-कश्मीर में शांति व अमन कायम हुआ है जो हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है, इसलिए इस प्रकार के कायराना हरकत उनके द्वारा कर निर्दोश लोगों की हत्या की जा रही है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन वहां की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और वहां इस प्रकार की घटना करके शांति भंग करने व जम्मू-कश्मीर में खौफ का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय सेना के जवान, धर्म के नाम पर हिंसा करने वाले और आतंक फैलाने वाले लोगों को जन्नत जरुर पहुंचाएंगे। पहले पत्थरबाजी करके हमारे सेना के जवानों पर हमला और जम्मू-कश्मीर में आए दिन दंगा फैलाकर वहां डर का माहौल फैलाने वाले लोगों पर जब से नकेल कसी गई हैं तब से पाकिस्तान और उनके पोषित आतंकी संगठन बौखलाए हुए हैं और ऐसे कुकृत्य कर रहें हैं लेकिन जम्मू कश्मीर भारत का हमेशा से अभिन्न हिस्सा रहा है वहां के निवासियों की सुरक्षा के लिए हमारे सेना के जवान और केंद्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हमें पूरा विश्वास है की इस कायरतापूर्ण हमले करने वाले आतंकवादी बचकर नहीं रह सकते और इस हादसे में पीड़ितों को न्याय जरुर मिलेगा।

## पीजी कॉलेज में प्राथमिक उपचार व स्वास्थ्य पर सेमिनार आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसाइटी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार फर्स्ट-एड प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में जिले के लीड महाविद्यालय आचार्य पंथ श्री गृध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में संचालित यूथ रेड क्रॉस सोसायटी की इकाई द्वारा गत दिनों सोमवार को महाविद्यालय में प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि डॉ हर्षित तुवानी और जिला रेडक्रॉस सोसायटी जिला संयोजक बाला राम साहू उपस्थित थें। जिस पर डॉ हर्षित तुवानी ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया, जिसमे यदि किसी व्यक्ति को हृदयाघात हो जाए तो प्राथमिक उपचार सीपीआर द्वारा उनका जीवन बचाने का प्रयास करे, कम आयु के बच्चों को 15 और युवा, वृद्ध व्यक्ति को 30 बार सीपीआर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कर के सीपीआर विधि से अवगत कराया गया। उन्होने दूसरे परिस्थिति जैसे खून बहना, चोकिंग, हिट स्ट्रोक, डूब जाने, फैक्चर हो जाने, जल जाने पर किस प्रकार से प्राथमिक चिकित्सा लाभकारी हो सकता है विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी संयोजक सहायक प्राध्यापक कृष्णा बंजारे, सहायक प्राध्यापक डॉ अनिल शर्मा, डॉ जय मेहरा, संतोष डहरिया, डॉ राकेश चंदेल, लेफ्टीनेंट भानुप्रताप सिंह, डॉ कविता कनौजे उपस्थित थें साथ ही साथ अतिथि व्याख्याता राकेश दानी, हेमंत शर्मा, केके देवांगन, संजय यादव का विशेष सहयोग रहा।

## मोर द्वार साय सरकार अभियान में बहबलिया में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मोर द्वार साय सरकार अभियान के तहत ग्राम बहबलिया में घर-घर जाकर पात्र ग्रामीण हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया। वहीं आवास सूची में नाम जोड़ने का आंकड़ा लगभग शत-प्रतिशत रहा। इस अभियान में विशेष सहयोग बहबलिया सरपंच विनोद साहू, उपसरपंच दादूराम साहू, रोजगार सहायक दिलीप राजपूत व आवास मित्र अनिल यादव, अश्वनी यदु व पंचगण तथा ग्रामीणों के सहभागिता से सभी पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया गया। जिस पर ग्राम पंचायत बहबलिया के ग्रामीणों ने जन हितैषी योजना के लिए सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा पड़रिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का विशेष आभार व्यक्त किया।

## सारंगपुर खुर्द-जमुनिया में पीएम आवास प्लस सर्वे का अता-पता नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द के आश्रित ग्राम जमुनिया के रहवासी ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार हितग्राहियों को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों गांव-गांव प्रधानमंत्री आवास प्लस की सर्वे जोर शोर से किया जा रहा है लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व कर्मचारी-अधिकारी द्वारा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे का अता-पता नही है। जिसके कारण से गरीब तथा मजदूर परिवार हितग्राहियों कों भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम सारंगपुर खुर्द व आश्रित ग्राम जमुनिया में गरीब हितग्राहियो द्वारा कच्ची मकान को बांस-बल्ली तथा पॉलिथीन झिल्ली से ढककर सुधार व मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में किसी प्रकार की दिक्कत व परेशानी ना हो। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिधियों से अपील कर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास प्लस की सर्वे कार्य की मांग की गई ताकि गरीब व मजदूर परिवार हितग्राहियो को पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके।

## ठेकेदारों की मनमानी से रहवासियों को उठानी पड़ रही दिक्कतें

# बिजली विभाग व ठेकेदार की मनमानी, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

ग्राम पंचायत बोधईकुण्डा के आश्रित ग्राम खेरीपार-दशरंगपुर में केबलीकरण का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। लेकिन विभागीय अधिकारियो व ठेकेदारों की भारी मनमानी के कारण रहवासियो को भारी दिक्कतो व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में केबलीकरण के चलते बिजली कटौती तथा ठेकेदारों की अड़ियल रवैया के कारण उपभोक्ताओं व दुकानदारों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण द्वारा बिजली कार्यालय में फोन करने पर टाल-मटोल व मनगढ़न्त जवाब दिया जाता है, साथ ही साथ बिजली विभाग के आला अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत के चलते ग्रामीणो रहवासियों तथा दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ठेकेदार के लाएं कर्मचारी बिना योग्यताधारी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदारो की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके चलते बिजली कनेक्शन उल्टा-सीधा होने से ग्रामीणों को भारी नुकसानों का सामना करना पड़ रहा है वहीं कई घरों में फेश-टू-फेश से घरों की टीवी, फ्रिज, बल्ब, पंखा व कूलर उड़ने से ग्रामीणो की दिक्कते और बढ़ गई है। जिस पर ग्रामीणों ने संबंधित ठेकेदारों पर कार्यवाही करने की मांग की गई।



**खबर संक्षेप**

### राजस्व पखवाड़ा का दूसरा चरण 13 मई से

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरणः 7 अप्रैल से 21 अप्रैल सम्पन्न कराया जा चुका है। इसी प्रकार दूसरा चरण 13 मई से 27 मई 2025 तथा तीसरा चरण 16 जून से 30 जून 2025 तक चलेगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व पखवाड़ा शिविरों के सुचारु आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए और इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# भाजयुमो ने फूंका आतंकवाद का पुतला, पहलगाम नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला मुख्यालय कवर्धा में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला फूंका गया। जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में बुधवार की शाम को आयोजित इस पुतलादहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजयुमो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका तथा पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों के नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा की तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी व नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस तरह केन्द्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर शांति व्यवस्था बहाल की थी वह आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है यही वजह है कि आतंकियों ने कश्मीर में दहशत फैलाने की मंशा से इस नापाक घटना को अंजाम दिया है। जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होने कहा कि इस दर्दनाक घटना में जिन परिवारों ने अपने सगे-संबंधियों को खोया है, उनके प्रति हम अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। इस कठिन समय में पूरा राष्ट्र एकजुट है, और आतंकवाद के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता अडिग बनी रहेगी। वहीं जिला भाजयुमो के अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी का धर्म पूछकर उनकी हत्या करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने कहा कि इस पाकिस्तानी आतंकी हमले में 28 लोगों की जान गई है और कई लोग घायल हुए है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार इस आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कटिबद्ध है। घटना की जानकारी मिलते ही देश के गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर गौर पहलगाम पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली है और सुरक्षा ऐजेंसियों के साथ लगातार बैठकें कर आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने की रणनीति बनाई जा रही है। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पहलगाम हमले की जानकारी मिलने के बाद अपना सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर भारत लौट आए हैं तथा 24 अप्रैल को कानपुर का अपना दौरा भी रद्द कर दिया है। निश्चित रूप से केन्द्र सरकार के यह कदम उनकी संवेदनशीलता को स्पष्ट करता है। पुतला दहन कार्यक्रम को भाजयुमो के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित करते हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। इस अवसर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी भाजयूमो प्रदेशमंत्री पियूष ठाकुर जिला महामंत्री सचिन गुप्ता योगेश चन्द्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर मिथलेश बंजारे पियूषराजा टाटिया नितिश चन्द्रवंशी अरविंद वर्मा अनिल साहू अश्वन साहू दुर्गेश दुबे मीनू साहू डोनेश ठाकुर बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।




**मनमानी:** शिकायत के बाद भी प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग बेपरवाह

# स्कूल भवन में कब्जा, परिसर में आवास निर्माण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम भेलकी में एक ग्रामीण द्वारा गांव में संचालित सरकारी स्कूल भवन में कब्जा किए जाने और अब उसमें हितग्राही के नाम से स्वीकृत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए नींव खोदकर आवास निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। मजेदार बात यह है कि इस बेहद गंभीर मामले की शिकायत स्कूल शिक्षा विभाग तथा सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों से किए जाने के बाद भी अभी तक आरोपी के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम भेलकी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जिसके चलते वर्तमान में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल का संचालन स्थानीय ग्राम पंचायत भवन में किया जा रहा है। बताया जाता है कि पुराने भवन में स्कूल का संचालन नहीं होने के कारण स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में ग्राम भेलकी के ही एक परिवार ने कब्जा कर लिया है और वहीं निवासरत है। इस परिवार के मुखिया कृष्णा का कहना है कि करीब 20 वर्ष पूर्व उसके नाना तुलसी ने इस स्कूल भवन के लिए जमीन दान में दी थी। यही वजह है कि अब कृष्णा ने स्कूल भवन में कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं अब तो इस परिवार के हितग्राही ने अपने नाम स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण भी इसी स्कूल परिसर में करने की तैयारी कर ली है। जिसके लिए बकायदा स्कूल परिसर में नींव भी खोद ली गई है और भवन निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी आदि भी स्कूल परिसर में डंप करा दिया गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है और वे इसका विरोध भी कर रहे हैं लेकिन इसका कोई असर हितग्राही पर नहीं दिखाई दे रहा है और वह स्कूल भवन में कब्जा के साथ अब प्रधानमंत्री आवास निर्माण में जुटा हुआ है।




**शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं**

इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मामले की जानकारी ग्राम पंचायत के सचिव के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग पंडरिया तथा पंडरिया तहसीलदार को भी दे दी गई है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो अभी तक न तो स्कूल शिक्षा विभाग इस मामले में कोई कार्यवाही करते दिखाई दे रहा है और न ही प्रशासन इस मामले में कोई रूचि दिखा रहा है। जिससे आरोपी ग्रामीण के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग व प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सुविधाओं का हाल बेहाल




■ वार्डो के एसी खराब, वाटर क्यूरिफाई बंद, वाटर कूलर नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

पहले विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव और फिर नगरीय निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर व्यवस्था सुधार के बड़े-बड़े दावे तो खूब किए गए। लेकिन अब जब की प्रदेश से लेकर जिले और जिले से लेकर नगर पंचायतों में ट्रिपल इंजन की सरकार राज कर रही है, तब न तो व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई दे रहा है और न ही लोगों को बेहतर सरकारी सुविधाएं ही मिल पा रही हैं, मानो सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही भगवान भरोसे चल रहा है। जिस पर न तो शासन, प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है और न ही क्षेत्र के चुने हुए औहदेदार जनप्रतिनिधि व्यवस्था सुधार की दिशा में कोई कारगर कदम उठा रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड बोड़ला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ देखी जा सकती है। गौरतलब है कि विकासखण्ड बोड़ला एक बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं तथा व्यवस्था के लिए क्षेत्र के दर्जनो ग्राम आश्रित हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को बेहतर उपचार तो दूर इस भीषण गर्मी में शीतल पेयजल और वार्डो में भर्ती मरीजों को ठंड़ी हवा तक नसीब नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि अस्पताल के वार्डो में लगे एसी इस भीषण गर्मी में भी बंद पड़े हैं। जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अस्पताल के अधिकारियों के चैम्बरों के एसी बकायदा चालू भी है और शीतलता भी प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में मरीजों को पीने का शुद्ध तथा ठंडा पानी उपलब्ध कराने लगाया गया वाटर क्यूरिफाई मशीन सिर्फ दीवाल कि शोभा बढ़ा रही है और अस्पताल में भर्ती मरीज तथा उनके परिजन सीधे सींटेक्स टंकी का पानी पीने मजबूर है। जानकारी यह भी मिली है मरीजों और उनके परिजनो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से कुछ वर्ष पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बोड़ला नगर पंचायत के द्वारा पार्षद निधि से वाटर कूलर दिया गया था जो अब कहीं नजर नही आ रहा है। गर्मी आने के पूर्व ही विभाग को वाटर कूलर कि मरम्मत करानी थी जो अब तक हुई नही है। ऐसे में निश्चित रूप से बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।

## अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था पर लगाम लगाने कार्रवाई



**पंडरिया।** नगरपालिका पंडरिया में दिनोंदिन बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था ने आमजन के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन की ओर से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। नगरवासियों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के निर्देशानुसार नगर पालिका, राजस्व विभाग तथा पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सख्त कार्यवाही की जा रही है। इस मुहिम के तहत अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के प्रयासों की शुरुआत की गई है, जो प्रशंसा योग्य सराहनी है। हालांकि नागरिकों का मानना है कि यह कार्यवाही केवल कुछ चुने हुए क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन स्थानों पर भी होनी चाहिए, जहां स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। विशेष रूप से गांधी चौक से मस्जिद, गुरुद्वारा तथा महामाया रोड तक का मार्ग अतिक्रमण से बुरी तरह प्रभावित है। इन इलाकों में सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर दुकानें लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, इस मार्ग पर टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहनों को अवैध रूप से खड़ा किए जाने की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाए नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार की सख्ती नियमित रूप से जारी रहे, ताकि शहर की यातायात और कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हो सके।

# कलेक्टर ने प्रदान किया 6 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गत दिनो कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले की 06 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने उक्त संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने की दिशा में और भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इन संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारियों को राष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अन्य 26 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा ताकि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ. मुकुंद राव, सैयद असलम एवं संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट उन स्वास्थ्य संस्थाओं को दिया जाता है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों। इस वर्ष जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट सेवा के परिणामस्वरूप 43 स्वास्थ्य संस्थाओं को नामांकित किया गया, जबकि केवल 42 संस्थाओं को नामांकित किया जाना था। इससे पूर्व, 15 स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एस्योरेंस स्टैण्डर्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से जिला चिकित्सालय कवर्धा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डातराई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुसुमघटा, उप स्वास्थ्य केन्द्र बारदी शामिल हैं।



## पौधा रोपण कर नगरवासी अपने जीवन के खास दिनों को बना रहे यादगार



**पंडरिया।** नगर के व्यवसायी चरणजीत सलूजा व उनकी धर्मपत्नी शांति सलूजा ने पर्यवारण संरक्षण समिति के साथ बुधवार को नगर के कुकदूर रोड मार्ग स्थित वन विभाग परिसर में कोनाकार्पस का एक पौधा लगाकर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक किया। साथ ही 50 पौधे के लिए समिति को 4100 रुपए का सहयोग प्रदान किया। इससे पहले रविवार को ओजस सिंह राजपूत ने कदम्ब का एक पौधा लगाकर अपने जीवन को यादगार बनाया तथा पंडरिया नायब तहसीलदार संजय मोध्या व उनकी धर्मपत्नी सरस्वती मोध्या ने कदम्ब का एक पौधा रोपित किया वहीं मोध्या की पुत्री आरोही ने भी कदम्ब का एक पौधा लगाया। सोमवार को शिक्षक रोशन कौशिल के पुत्र विख्यात सिंह ने कोनाकार्पस का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। समिति के सदस्य अनुराग सिंह ठाकुर व उनकी धर्मपत्नी अर्चना सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कोनाकार्पस का एक पौधा रोपित किया। इस दौरान समिति के सदस्य मोहन राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, चंद्रप्रकाश राजपूत, राजीव श्रीवास्तव, एसएल कुर्रे, गलीराम बंजारे, हमिद खान, शंकर चन्द्रवंशी, आशीष मिश्रा, नीरज सिंह क्षत्रिय, राजा सलूजा, रिंकल सलूजा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने लोगों से लगाए गए पौधों को संरक्षण देने तथा उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की भी अपील की है। ताकि पौधे वृक्ष का रूप ले सकें।

**जिले में आज मनाया जाएगा विश्व मलेरिया दिवस, आयोजन की तैयारियां पूरी**

# जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया उन्मूलन की दिशा में उठाए कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो- पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्वलित करें के अनुरूप कवर्धा जिले में मनाया जाएगा। राज्य से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर जिले में मलेरिया उन्मूलन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, और जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया कि वर्ष 2024 में जिले में दर्ज मलेरिया प्रकरणों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि 42 प्रतिशत प्रकरण बोड़ला विकासखंड के उपस्वास्थ्य केंद्र झलमला और चिल्फी सेक्टर से, 29 प्रतिशत प्रकरण रेंगाखार सेक्टर से तथा 5 प्रतिशत प्रकरण स. लोहारा के मोतिनपुर उपस्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र से प्राप्त हुए। ये आंकड़े संबंधित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता और प्रयासों की आवश्यकता को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि बोड़ला विकासखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झलमला एवं उसके अधीनस्थ उपस्वास्थ्य केंद्रों में मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों के लिए री-ओरिएंटेशन प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रशिक्षण उपरांत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सहसपुर लोहारा विकासखंड के मोतिनपुर उपस्वास्थ्य केन्द्र में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला प्रशासन ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम स्तर तक विविध कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता फैलायी जाए। इसका उद्देश्य है जन भागीदारी के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन को सशक्त बनाना।




# जिले के 42 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंचायत राज संस्थाओं को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से संवैधानिक दर्जा प्राप्त होने लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं सहभागी स्थानीय शासन के उपलक्ष में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना जाएगा। पंचायत राज दिवस के उपलक्ष में कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतो में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केन्द्र की नींव रखी जा रही है। जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ विशेष रूप से जल संरक्षण एवं जल संचय के महत्व से अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में पिछले 3 वर्षों में ग्राम के जल स्तर के बारे में जानकारी दिया जाएगा। जल संचयन के लिए विशेष प्रयास करने एवं लोंगो को प्रेरित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शपथ भी दिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की महत्वपूर्ण जानकारियां सहित स्थानीय विषय पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत राज दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के 42 ग्राम पंचायतो में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केन्द्र का शुभारंभ होगा। जिसमें जनपद पंचायत बोड़ला के 10, जनपद पंचायत कवर्धा के 12, जनपद पंचायत पंडरिया के 10 एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 10 एवं जनपद पंचायतो में यह सुविधा प्रारंभ होगी। शुभारंभ के अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत भोंदा के अटल पंचायत डिजिटल सेवा केन्द्र से ऑनलाइन वर्चुअल द्वारा मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों से चर्चा करेंगे।